हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला-176215
Himachal Pradesh Board of School Education, Dharamshala-176215

कमांकः हि०शि०बो०(22)दशम्–2/लेटर सैट/41/2025 14064-14084 दिनांकः 01/12/2025

"अधिसूचना"

अधिसूचित किया जाता है कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा मार्च/अप्रैल – 2026 में संचालित की जाने वाली नवमीं व ग्यारहवीं कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं के लिए बोर्ड द्वारा प्रश्न पत्र उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। जिसके लिए प्रदेश के समस्त राजकीय व निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक नवमीं व ग्यारहवीं कक्षा की अलग–अलग कक्षावार व विषयवार प्रश्न-पत्रों की मांग को केवल ऑनलाईन (Online) माध्यम से दिनांक 03-12-2025 से नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऑनलाईन प्रेषित करना सुनिश्चित करें। शुल्क का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

क्रम संख्या	कक्षा	परीक्षा शुल्क	बिना विलम्ब शुल्क	विलम्ब शुल्क 100 रूपये प्रति छात्र	विलम्ब शुल्क 200 रूपये प्रति छात्र
1.	9वीं	150/- प्रति छात्र	03.12.2025 से 31.12.2025	01.01.2026 से 10.01.2026	11.01.2026 से 20.01.2026
2.	11वीं	150/- प्रति छात्र			

अतः समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक उपरोक्त तिथि तक प्रश्न पत्रों की मांग को निर्धारित शुल्क सहित केवल ऑनलाईन (Online) प्रेषित करवाना सुनिश्चित करें। निर्धारित अन्तिम तिथि के उपरान्त किसी भी प्रकार की छूट प्रदान नहीं की जाएगी तथा प्रश्न पत्रों की अनुपलब्धता तथा कमी (Shortage) का पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित पाठशाला के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक का होगा।

(डॉ० (मेजर) विशाल शर्मा)
सचिव

पृष्ठाकंन संख्याः –यथोपरि–
प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सहायक, माननीय अध्यक्ष महोदय/सचिव महोदय, हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड।
2. अतिरिक्त सचिव, सयुक्त सचिव, समस्त उप सचिव/सहायक सचिव, हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड।
3. समस्त उप निदेशक (उच्चतर शिक्षा), हि० प्र० को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. समस्त अनुभाग अधिकारी/जिला प्रबन्धक, हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड।
5. प्रभारी सूचना प्रौद्योगिकी कक्ष को इस आश्य से प्रेषित है कि उपरोक्त अधिसूचना को बोर्ड वैबसाईट व समस्त स्कूलों की User Id में अपलोड करें तथा दिनांक 03.12.2025 से ऑनलाईन पोर्टल को Start करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।
6. रक्षक संचिका।

(डॉ० (मेजर) विशाल शर्मा)
सचिव

ज्ञानालोक परिसर, धर्मशाला ज़िला काँगड़ा(हि०प्र०)-176215 Gayanalok Parisar, Dharamshala Distt. Kangra(HP)-176215
दूरभाष/Tele: 01892-242149....., 242....., 229037 अणु डाक/e-mail : hpbose2011@gmail.com
फैक्स/fax: 01892-225419, 222817 Website : hpbose.org